
BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

# SAMVAD

## बिजली और पैसे बचाएं: स्मार्ट एसी रणनीति पर अमल करें



घर के बिजली संबंधी खर्चों में एयर कंडीशनिंग का योगदान 30 से 50 प्रतिशत तक हो सकता है। लेकिन, कुछ आसान टिप्स की मदद से आप बिजली बचा सकते हैं और बिजली का बिल भी कम कर सकते हैं।

- न्यूनतम लागत पर अधिकत आराम के लिए अपने एसी के थर्मोस्टेट पर 24 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें।
- जहां तक संभव हो सके, एयर कंडीशंड रूम के दरवाजों को बंद रखें
- एसी के फिल्टर को हर माह साफ करें
- एसी के साथ अगर सीलिंग फैन भी चलाते हैं, तो यह हवा को बेहतर तरीके से सर्कुलेट करेगा और एसी पर लोड को कम करेगा
- खिड़कियों व दीवारों पर प्लांट्स लगाएं और परदों का उपयोग करें। ये सनलाइट को रोककर कमरे को गर्म होने से बचाने में मदद करेंगे।
- अधिक समय के लिए रूम या घर छोड़ने से पहले एसी को बंद कर दें, इससे बिजली की खपत में कमी आएगी।
- कूल रूफ्स की पद्धति अपनाएं। यानी, छत को सफेद रंग से पेंट कर दें या छत पर सफेद टाइल्स लगाएं। एयर कंडीशनिंग पर लागत कम आएगी।
- खरीदने से पहले बिजली उपकरणों की एनर्जी रेटिंग चेक करें। रेटिंग जितनी ज्यादा होगी, बिजली की बचत भी उतनी ही अधिक होगी।

## बीएसईएस की ओर से हरित दिल्ली को बढ़ावा: 1000 स्थानों पर 2500 ईवी चार्जिंग पॉइंट्स

दिल्ली की ईवी क्रांति को हाई गियर में ले जाने में बीएसईएस मदद कर रही है। बीएसईएस ने लगभग 1000 स्थानों पर करीब 2500 ईवी चार्जिंग पॉइंट्स के इंस्टॉलेशंस को फेसिलिटेट किया है। ये चार्जिंग पॉइंट्स प्राइवेट, पब्लिक और कैप्टिव श्रेणियों में लगाए गए हैं। आइये, हमसब मिलकर दिल्ली के लिए एक टिकाऊ और पर्यावरण–रहित कल की ओर कदम बढ़ाएं।




**ईवी चार्जिंग पॉइंट्स के लिए निम्नलिखित माध्यमों से आवेदन करें:**

फोन टोल फ्री – 19123 (ऑप्शन 8)

वॉट्सऐप – 7011931880

वेबसाइट https://bsesbrpl.co.in/SwitchDelhi/

## सुरक्षा अलर्ट: अपनी सुरक्षा के लिए बिजली के उपकरणों से दूरी बनाए रखें



दिल्ली में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहा है। कई ऐसी कॉलोनियां हैं, जहां, कई घर और अनाधिकृत निर्माण/ विस्तार खतरनाक तरीके से बिजली कंपनियों के वर्तमान लो वोल्टेज (एलवी), हाई वोल्टेज (एचवी), और एक्सट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) लाइनों तथा बिजली उपकरणों/ स्थापनाओं के काफी करीब व नीचे आ गए हैं। यह केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा व बिजली आपूर्ति संबंधी उपायों) अधिनियम 2010 (जैसा कि उसमें समय–समय पर संशोधन होता रहता है) की नियमावली 60 और 61 तथा इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट, 2003 की धारा 53 व 68 (5) जिसे धारा 161 के साथ पढ़ा जाए, के मानकों का सीधा उल्लंघन है।


यह जरूरी है भवन एक्सटेंशंस, ढांचों, प्रोजेक्शंस, बालकनियों, छज्जों व चारदीवारियों, आदि को बिजली के मेन्स व बिजली के अन्य उपकरणों से, ऊपरी या समतल स्तर पर निम्नलिखित न्यूनतम दूरी अवष्य रखी जाए, जैसे कि नियमावलियों में बताया गया है।

| लाइन/ उपकरण | न्यूनतम उचित दूरी जहां लाइन किसी भवन/ढांचे/ बालकनी आदि के ऊपर से गुजरती है | न्यूमतम समतल दूरी जहां लाइन किसी बिल्डिंग/ ढांचे/ बालकनी आदि के निकट से गुजरती है |
|---|---|---|
| 650 वोल्ट तक की लाइन | उच्चतम पॉइंट से 2.5 मीटर | निकटतम पॉइंट से 1.2 मीटर |
| उच्च वोल्टेज लाइन 650 वोल्ट तक व सहित | उच्चतम पॉइंट से 3.7 मीटर | निकटतम पॉइंट से 1.2 मीटर |
| उच्च वोल्टेज लाइन 11000 वोल्ट से अधिक तथा 33000 वोल्ट तक व सहित | उच्चतम पॉइंट से 3.7 मीटर | निकटतम पॉइंट से 2 मीटर |
| बहुत ज्यादा उच्च वोल्टेज लाइन 33 केवी वोल्ट से ऊपर | 3.7 मीटर (और 0.30 मीटर, हर अतिरिक्त 33000 वोल्ट या उसके भाग पर) | 2 मीटर (और 0.30 मीटर, हर अतिरिक्त 33 केवी या उसके भाग पर) |

आपकी सुरक्षा के लिए तथा दुर्घटनाओं, जानलेवा दुर्घटनाओं तथा बिजली आपूर्ति संबंधी बाधाओं से बचने के लिए ये नियम बनाए गए हैं।

बीएसईएस एक बार फिर ऐसे अनाधिकृत निर्माण करने वाले या पहले से ही किये हुऐ लोगों से अपील करती है कि वे बिजली के मेन्स और इंस्टलेषंस के पास से अनाधिकृत निर्माणों को तुरंत हटा लें। निर्धारित नियमावलियों का उल्लंघन करने वाले उल्लंघनकर्ता, प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी नुकसान (जीवन, संपत्ति, आदि से संबंधित) के लिए व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार समझे जाएंगे, और कानून के मुताबिक उन पर कार्रवाई होगी।

**अब हम वॉट्सऐप बिजनेस पर भी उपलब्ध हैं! 8800919123 पर हम तक पहुँचे**




टॉल फ्री 24x7 19123

8800919123 पर हमें Hi कहें और हमारी निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

- बिल देखें व भुगतान करें
- बिल विवरण
- सेल्फ मीटर रीडिंग
- बिजली गुल की शिकायत
- प्रीपेड मीटर बैलेंस तथा रीचार्ज
- बिजली दरें व सब्सिडी डिटेल्स
- और भी बहुत कुछ

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI
संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@relianceada.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

amazon alexa

# You can now voice control your utility services



- Alexa, ask BSES Rajdhani for my latest bill amount.
- Alexa, ask BSES Rajdhani for my bill due date.
- Alexa, ask BSES Rajdhani for my nearest cash counters.
- Alexa, ask BSES Rajdhani for my meter reading due date.
- Alexa, ask BSES Rajdhani for my last 5 bills.
- Alexa, ask BSES Rajdhani to register me for e-bill.

## Upto 48 % off on Alexa devices.

For attractive offers visit www.bsesdelhi.com

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

# Make your Brand visible Connect with Delhi


BRPL Website




Boost your Business

Multi Channel Advertisement options with BRPL

SMS




Physical Bill / Bill Mailers




Kiosk /Standees at BRPL office locations




Screen Display (QMS) at 30+ locations



To increase your reach, mail at brpl.bdg@relianceada.com or call on 011 - 49107116 or Scan QR code